KANNAUJ POLICE

दिनाँक: 28 अगस्त 2024 **प्रेस नोट जनपद कन्नौज**

साइबर क्राइम थाना कन्नौज के द्वारा खोए हुए 71 मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रूपये) बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किये गये।

जनपद कन्नौज में समस्त थाना क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर गुम हुये मोबाइल फोन की सूचना पुलिस कार्यालय को उपलब्ध कराई जा रही थी, जिनकी बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक कन्नौज द्वारा साइबर क्राइम थाना को निर्देशित किया गया था। आदेश के अनुपालन में सयुंक्त टीमों द्वारा अथक प्रयास करते हुये 71 अदद मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रूपये है, को बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया।

आज दिनांक 28.08.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपदीय साइबर क्राइम थाना द्वारा जनपद कन्नौज में खोए हुए 71 मोबाइलों बरामद किया गया, बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा सम्बन्धित मोबाइल धारकों को सौंपा गया । मोबाइल धारकों द्वारा अपना मोबाइल वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कन्नौज पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई, मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हे अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा।किन्तु पुलिस द्वारा किये सराहनीय प्रयासों से उनका खोया हुआ फोन वापस मिल सका है ।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइल शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के विषय में बताया गया कि भारत सरकार केदूरसंचार विभाग द्वारा संचालितइस पोर्टल के माध्यम से आप अपना मोबाइल खो जाने की स्थिति में सर्वप्रथम UP COPAPP के माध्यम से /सम्बन्धित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है, इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ CEIR पोर्टल की वेबसाइट (www.ceir.gov.in) पर जाकर गुम/चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है।

इस वर्ष में जनवरी से अब तक सर्विलान्स सेल / साइबर क्राइम थाना कन्नौज द्वारा खोए हुए 311 मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 54 लाख रूपये) बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किये जा चुके हैं।

बरामद करने वाली टीम:-

(साइबर क्राइम थाना टीम)

1.प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी

2.निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र

3.मुख्य आरक्षी रामअवतार

4.आरक्षी सहदेव सिंह

5.आरक्षी ज्ञानेन्द्र सिंह

6.महिला आरक्षी रंजना कुशवाहा

NNAUJ POLI

UJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस